हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। सरायपाली के वीरेंद्र नगर में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ननकी यादव ने बताया कि 21 अक्टूबर की शाम 4 बजे घर के सामने उसके लड़के ओमप्रकाश यादव के साथ मोहल्ले का दुर्गेश निषाद गाली गलौज कर रहा था, जिसे घर से निकलकर उसने मना किया। तब दुर्गेश यादव ने प्रार्थिया के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और पत्थर से मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

खरोरा में झांकी की हुई प्रस्तुति

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नवमी के दिन नवदुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा में भव्य झांकी और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि नवरात्र महानवमी पर कसही धमतरी के कलाकारों ने भव्य झांकी की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए खरोरा व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहित एकत्र हुए।



गरबा की थाप के साथ गूंजा नशामुक्ति का संदेश, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

माँ आदिशक्ति रास गरबा महोत्सव 2026 का तीन दिवसीय आयोजन उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। महोत्सव में पारंपरिक गरबा, आकर्षक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य नशामुक्त बलौदाबाजार के निर्माण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।

महोत्सव में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे की लत, घरेलू हिंसा और इसके परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। वहीं बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति और पारंपरिक शैली के माध्यम से बेरोजगारी, शिक्षा की चुनौतियों तथा भ्रष्टाचार जैसे सामाजिक मुद्दों को उठाया। माँ आदिशक्ति की आराधना पर आधारित प्रस्तुतियों में भक्ति और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।



विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार: गरबा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आस्था सिंह को 35 हजार का लग्जरी सोफा सेट, द्वितीय स्थान दीपिका यादव 25 हजार का डबल बेड तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेघा कुर्रे को 15 हजार का फ्रिज पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।

महोत्सव की सफलता में प्रशिक्षकों और सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनमें सुनिधि साहू, नागेश्वर गायकवाड़, थनेश्वर कुमार, मेघा वर्मा, आंचल सिंह, गुनगुन भारती, पंकज साहू, प्रशांत सागर, गोविंद भारती, राजेश्वरी सेंद्रे, मोहित थनेश्वर, मिलिंद थनेश्वर, केशव साहू, हिमानी सागर, अर्पित तिवारी, शिवा साहू, गुड़िया माणिकपुरी, अमन तिवारी और कुणाल सोनी शामिल रहे।

आयोजन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा बच्चों को कला, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का संदेश दिया गया। समिति ने नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की।

जस गीतों के साथ माँ को अर्पित की चुनरी

खरोरा। ग्राम माँठ में जनपद उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के धर्म जागरण विभाग जिला रायपुर ग्रामीण के तत्वाधान में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ग्राम माँठ के माँ महामाया मंदिर दुर्गा माता पंडाल से माँ दुर्गा मंदिर भाटापारा होते हुए नयापारा पहुंच कर माताराणी के पंडाल में माँ दुर्गा को विधि विधान से चुनरी अर्पित कर प्रसादी वितरण कर बस्ती पारा में माँ दुर्गा माता पंडाल के पास यात्रा को विश्राम दिया गया। यात्रा में सैकड़ों कन्याओं व मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना तथा समाज को एक सूत्र में पिरोना है। मातृ शक्तियों द्वारा जस गीत के साथ बाजे गाजे व फाटकों के गुंज के साथ माताराणी की जयकारा लगाते चुनरी यात्रा निकाली गई इस अवसर पर गांव में पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।



पेज 13 के शेष

स्टेशन में मार्च...

सुझाव एवं मांगें रखीं। वासु मखीजा ने डाली यात्रा में शामिल होने वाले यात्रियों के लिए स्लीपर कोच में बैठने की व्यवस्था पुनः प्रारंभ करने की मांग रखी। अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था पूर्व में संचालित थी तथा प्रस्ताव को उचित विचार एवं निर्णय के लिए मुख्यालय भेजा जाएगा। गौरव जैन एवं रविंद्र जैन ने स्टेशन के सामने की सड़क की स्थिति में तत्काल सुधार करने तथा प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर यात्री ट्रेनों का आगमन पुनः प्रारंभ कराने की मांग रखी। बैठक में अन्य नागरिकों ने भी स्टेशन की व्यवस्थाओं एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के दौरान राजेश शर्मा को डीआरयू सदस्य बनाए जाने पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उपस्थित रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा, स्टेशन मैनेजर अजय कुमार, लक्ष्मी नारायण सोनी, रविंद्र जैन, गौरव जैन, सुरेश मंसाली, वासु मखीजा एवं अभिषेक मोदी सहित अन्य उपस्थितजन।

टीईटी परीक्षा ओएमआर...

संगत नहीं है। हजारों शिक्षक कम्प्यूटर ज्ञान से अनभिज्ञ हैं ऐसे में आनलाइन परीक्षा बिल्कुल उचित नहीं है अतः छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अधिकारी तोमर डोंडे, जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल टंडन, महासचिव तेज वैष्णव, संयोजक खेलावन घृतलहरे, सचिव चुड़ामणी साहू, संगठन मंत्री जनी राम साहू, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष हेमकुमार निराला, जिला सहसचिव जितेश बघेल, सदस्य प्रदीप कैवर्त, महेन्द्र साहू, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र वैष्णव, दीपक सारंग आदि ने कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा आनलाइन के स्थान पर पारंपरिक ओएमआर शीट के माध्यम से आफलाइन परीक्षा आयोजित करने की मांग शासन से की है।

पैसे के लेन-देन...

लगा और गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए प्रार्थी के मामा जागेश्वर साहू के साथ भी आरोपी शम्भू मांझी द्वारा हाथ-मुक्के व ईंट से मारपीट की गई, जिससे उनके बाएं कान व गाल के पास चोटें आईं। पुलिस कार्रवाई एवं जप्ती-प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सोनाखान (थाना कसडोल) में अपराध क्रमांक 399/2026, धारा 296,351(3),118(1), 3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी लकेशरू मांझी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चूड़ा तथा आरोपी शम्भू मांझी के कब्जे से ईंट का टुकड़ा जप्त किया गया।

नेटवर्क न मिलने...

कर विवेचना में लिया गया। सिमगा पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। यथा संदेही आरोपियों अमर दास मिरी और विकास गेण्डरे को हिरासत में लिया गया पूछताछ में मुख्य आरोपी अमर दास मिरी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसके द्वारा छुपाए गए घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। पुंछ ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में अमर दास दास मिरी पिता अरूण मिरी, उम्र 20, निवासी ग्राम खंडुवा, थाना सिमगा, विकास गेण्डरे पिता विजय गेण्डरे, उम्र 18 निवासी ग्राम खंडुवा, थाना सिमगा शामिल हैं।

रजककार विकास बोर्ड में उपाध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा धोबी समाज के हितों और विकास के लिए गठित छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड में अध्यक्ष की नियुक्ति तो कर दी गई है। लेकिन अब तक उपाध्यक्ष और तीन सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। लंबे समय से इन पदों पर नियुक्तियों का इंतजार कर रहे समाज के लोगों ने इस मामले में मुख्यमंत्री से पहल करने की मांग की है। समाज का कहना है कि बोर्ड में सभी पदों पर नियुक्तियां होने से समाज के विकास से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी और उनकी समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन के समक्ष रखा जा सकेगा।

भाजपा सरकार ने 02 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रहलाद रजक को सौंपी। वही 03 मई को पदभार ग्रहण किया गया। साथ ही अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भी बोर्ड में उपाध्यक्ष और तीन सदस्यों के पद रिक्त हैं। समाज के लोगों का कहना है कि बोर्ड का गठन समाज के विकास कल्याण और विभिन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया गया है। ऐसे में बोर्ड के सभी पदों पर नियुक्तियां होना जरूरी है ।

अन्य बोर्डो में नियुक्तियां, रजककार बोर्ड में अभी भी इंतजार

धोबी समाज के लोगों ने इस बात पर ध्यान आकर्षित किया है कि प्रदेश में अन्य कई विकास बोर्ड में अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां भी की जा चुकी हैं। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड में उपाध्यक्ष और तीन सदस्यों की नियुक्ति अब तक नहीं होने से समाज के लोगों में निराशा है। उनका कहना है कि जब अन्य बोर्डों में नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है तो रजककार विकास बोर्ड के रिक्त पदों पर भी जल्द निर्णय लेना चाहिए। धोबी समाज के लोगों का कहना है कि बोर्ड में उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति होने से समाज की समस्याओं जरूरत और विकास जुड़े मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया जा सकेगा। साथ ही समाज के लोगों और शासन के बीच समन्वय स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। रिक्त पदों पर नियुक्तियां होने से बोर्ड की टीम पूरी होगी और समाज के हित में योजनाओं तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री से जल्द नियुक्ति करने की मांग

समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड में रिक्त उपाध्यक्ष और तीन सदस्यों के पदों पर जल्द नियुक्तियां की जाए। समाज का कहना है कि अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब शेष पदों को भी भरने की दिशा में सरकार को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इससे धोबी समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और समाज के विकास से जुड़ी अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में पहल हो सकेगी। समाज के लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस मांग पर गंभीरता से विचार करेंगे और जल्द नियुक्ति की घोषणा की जाएगी।

तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आज से

महासमुंद। महिला पतंजलि योग समिति महासमुंद के तत्वावधान में 23 अक्टूबर से फॉरेस्ट ग्राउंड में 3 दिवसीय विशेष निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ होने जा रहा है। यह शिविर 25 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक संचालित रहेगा। शिविर की मुख्य अतिथि जिला महिला पतंजलि समिति की प्रभारी सुमति साहू रहेंगी। शिविर आयोजक एवं महिला पतंजलि योग समिति की महामंत्री पूनम पटले ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक व यौगिक पद्धति से पूर्णतः निरोगी बनाना है। साधकों को नियमित योग अभ्यास के साथ-साथ रोगानुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

झांकी के साथ माता को दी विदाई, रामलीला मंचन के बाद हुआ रावण वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड पलारी स्थित ग्राम गोड़ा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय क्वार नवरात्र व दशहरा पर्व अत्यंत धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दस दिनों तक पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

गांव के प्रमुख चौक-चौराहों पर माता सरस्वती, महामाया, शीतला मंदिर में अष्टभुजी मां दुर्गा विराजित रहती है सतनाम चौक में रामायण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसके माध्यम से परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के चरित्र एवं संदेशों को भजन-गायन के रूप में प्रस्तुत किया गया।

नम आँखों से माता को दी गई विदाई: विसर्जन के दिन प्रातः 07:00 बजे माता दुर्गा की मूर्तियों की भव्य झांकी निकाली गई। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के सामने चौक-रंगोली सजाकर माँ दुर्गा की आरती उतारी और नम आँखों से माता जी को भावभीनी विदाई दी।

अंगद-रावण संवाद और रावण वध: शाम के समय रामलीला स्थल पर रावण वध लीला का मंचन किया गया, जहाँ अंगद-रावण संवाद काफी रोचक एवं आकर्षक रहा। मंचन में अंगद ने रावण को समझाते हुए कहा, जगज्जननी माँ जगदम्बा सीता को लेकर प्रभु राम जी से क्षमा मांगते हुए समर्पित कर दें, दयालु प्रभु आपके अपराध को क्षमा कर देंगे। परंतु अहंकारी रावण ने उनकी बात नहीं मानी, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि लंकापति रावण का अंत हुआ और वह धराशायी हो गया।

रावण वध के पश्चात ग्रामीणों ने अपने घरों में रंगोली सजाकर और दीये जलाकर खुशियाँ मनाईं। लोगों ने श्री राम-लक्ष्मण जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और एक-दूसरे के गले मिलकर विजयादशमी की बधाई दी। पात्रों की भूमिका व आयोजन समिति

रामलीला मंचन में विभिन्न कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय प्रस्तुत किया जिसमें राम दुजैन वर्मा, लक्ष्मण हर्ष वर्मा, अंगद डोमन वर्मा, हनुमान रोहन वर्मा, रावण अनुप वर्मा, मेघनाद महेश धीवर, कुंभकरण दुनशलेश यादव ने जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामलीला समिति के अध्यक्ष तेजराम वर्मा, गिरवर यदु, शंकर सोनी, बाबुलाल यादव, घनश्याम वर्मा, लालजी रावत, मुन्ना रावत, उमेश यदु, निखिल वर्मा, प्रेमलाल वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।



धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता के संगम से सजा दशहरा महोत्सव

खरोरा। नगर के सरहदी ग्राम केसला के श्री बजरंग नवयुवक रामलीला समिति व पंचायत प्रतिनिधि गण तथा सिनियर युवा किक्रेट टीम केशला के तत्वावधान में आयोजित विशाल दशहरा महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

महोत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रावण दहन किया गया। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। पूरा दशहरा मैदान उत्साह, उमंग और धार्मिक आस्था से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और बजरंगबली हनुमान के स्वरूप धारण कर अपनी वेशभूषा एवं भक्तिभाव से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि विजयादशमी हमें सिखाती है कि सत्य और धर्म का मार्ग कितना भी कठिन क्यों न हो, अंततः विजय सत्य की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और जनकल्याण की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज में सद्भाव, आपसी भाईचारे और सकारात्मकता को मजबूत करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि दशहरा जैसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। युवाओं एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से ऐसे आयोजन सामूहिकता और सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

उक्त दशहरा महोत्सव कार्यक्रम को सफल व व्यवस्थित बनाने में सरपंच मयावंशे अशोक देवांगन, हेमंत देवांगन, संजय देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, रामचरण देवांगन राजेन्द्र यादव, छबि देवांगन शिव देवांगन, सहित सीनियर स्टार युवा क्रिकेट टीम के समस्त सदस्य गण की सहभागिता रही।

मानव श्रृंखला और स्पर्धाओं से दी मतदान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने जाबो (जाग वोटर) कार्यक्रम अंतर्गत जिले मे विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी मे मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में मानव श्रृंखला से स्वीप निर्माण, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य जारी है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जाबो कार्यक्रम में समस्त शासकीय कार्यालयों एवं अशासकीय संगठनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता, समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वयं के नाम, परिवार के सभी सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में है कि नहीं यह सुनिश्चित कराया जाना। यदि नहीं है, तो निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने की प्रक्रिया से उन्हें अवगत कराया जाना शामिल है।

इसी प्रकार नाम, प्रविष्टियों पर त्रुटि होने पर निर्वाचक नामावली में संशोधन की प्रक्रिया से भी अवगत कराना, निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन सहित मतदान प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत निबंध, वाद-विवाद, नारा लेखन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन व विलोपित करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
[बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]



खबर संक्षेप

टीईटी परीक्षा ओएमआर शीट से कराने की मांग

पलारी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने सेवारत शासकीय शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने के शासन के निर्णय का स्वागत किया है उन्होंने कहा कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स



एसोसिएशन के बेनर तले लगातार विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग की जा रही थी जिस पर शिक्षा मंत्री शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने चर्चा के पश्चात सकारात्मक आश्वासन दिया था उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सेवारत गैर टीईटी शिक्षकों के लिए निजी तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट द्वारा टीईटी परीक्षा आयोजित करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश न्याय ▸▸ शेष पेज 12 पर

रेलवे स्टेशन पर जनसंवाद कार्यक्रम, यात्रियों ने रखी मांगें

स्टेशन में मार्च तक एस्केलेटर सहित अन्य निर्माण कार्य पूरा करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा आज भाटापारा रेलवे स्टेशन परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीआरएम बजरंग अग्रवाल एवं एसीएम राजेश कुमार शाह की उपस्थिति में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों एवं नागरिकों ने रेलवे से संबंधित विभिन्न समस्याओं, यात्री सुविधाओं, निर्माण कार्यों तथा रेल परिचालन में सुधार को लेकर अपने ▸▸ शेष पेज 12 पर



एस्केलेटर एवं टिकट घर की मांग : रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा ने आरक्षण टिकट बनवाते समय नकद भुगतान के विकल्प को लेकर यात्रियों की समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। इस पर राजेश शाह ने स्पष्ट किया कि डिजिटल भुगतान अनिवार्य नहीं है। डिजिटल भुगतान की सुविधा रखने वाले यात्रियों को पेटीएम एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

रायपुर - बिलासपुर यात्रा में विलंब का मुद्दा उठा

अमरजीत सलूजा ने भाटापारा से रायपुर एवं बिलासपुर की यात्रा में ट्रेनों के रास्ते में रुकने के कारण होने वाली देरी पर चिंता जताई। ट्रेन 2-3 घंटा लेट होने के कारण इससे विद्यार्थियों, बच्चों, बुजुर्गों एवं दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इस पर एडीआरएम अग्रवाल ने बताया कि ट्रैक एवं लाइन संबंधी कार्य प्रगति पर हैं। छत्तीसगढ़ से कोयले एवं स्पंज आयरन की बड़े पैमाने पर ढुलाई होने के कारण रेल परिचालन पर दबाव रहता है। संबंधित कार्य पूर्ण होने के बाद स्थिति में सुधार आने की उम्मीद है।

स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर जोर

लक्ष्मी नारायण सोनी ने स्टेशन के निर्माण एवं विकास कार्यों की धीमी गति पर चिंता जताते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण करने की मांग की। इस पर एडीआरएम बजरंग अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि रेलवे का पूरा प्रयास है कि स्टेशन का उद्घाटन मार्च माह तक कराया जाए।जनसंवाद कार्यक्रम के पश्चात एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, एसीएम राजेश शाह, स्टेशन मैनेजर अजय कुमार सहित स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं उपस्थित लोगों ने स्वयं श्रमदान कर यात्रियों और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

नगर भटगांव में आज होगा दशहरा महोत्सव, 51 फीट रावण का होगा दहन



भटगांव। नगर भटगांव में आज भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। दशहरा महोत्सव को लेकर पत्रकार दशहरा समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस वर्ष के दशहरा पर्व का मुख्य आकर्षण 51 फीट ऊंचे रावण का दहन और प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा स्टार नाईट कार्यक्रम होगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्षों के भांति इस वर्ष भी भटगांव में पत्रकारों द्वारा दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन इस बार इसे और भी अधिक भव्य रूप दिया गया है। पूरे नगर में दशहरा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। शोभायात्रा के दशहरा मैदान पहुंचने के बाद मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा। सबसे पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया जाएगा। कलाकारों द्वारा रामलीला का संक्षिप्त मंचन किया जाएगा, जिसमें भगवान राम द्वारा रावण का वध करने की लीला दिखाई जाएगी।

निकलेगी भगवान श्रीराम का भव्य रथ

दशहरा महोत्सव की शुरुआत आज शाम भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा से होगी। राम मंदिर शनिदेव चौक से भगवान श्रीराम रथ पर सवार होकर अपनी वानर सेना के साथ रावण वध और माता सीता को लाने के लिए निकलेंगे। भगवान श्रीराम के रथ के साथ लक्ष्मण और हनुमान जी भी मौजूद रहेंगे। रथ को फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है। शोभायात्रा जैसे ही शनिदेव चौक से रवाना होगी, वैसे ही पूरा माहौल जय श्री राम के नारों से गूंज उठेगा।रावण दहन के बाद रात में विवेक शर्मा स्टार नाईट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। विवेक शर्मा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक हैं, जो अपने भजन और छत्तीसगढ़ी गीतों के लिए जाने जाते हैं। उनके कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। समिति द्वारा स्टेज, साउंड और लाइट की भव्य व्यवस्था की गई है। भगवान श्रीराम की इस शोभायात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे और धुमाल की टोली रहेगी, जो भक्ति गीतों पर धूम मचाएगी। उसके पीछे कीर्तन मंडली की महिलाएं और पुरुष भजन-कीर्तन गाते हुए चलेंगे।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

दशहरा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन और समिति द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दशहरा मैदान में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरिकेडिंग लगाई गई है। साथ ही अग्निशमन और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रखी गई है। पत्रकार दशहरा समिति ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य दशहरा महोत्सव का हिस्सा बनें और कार्यक्रम को सफल बनायें।

पैसे के लेन-देन के विवाद में धारदार हथियार और ईंट से हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक व हिंसक प्रवृत्ति के तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस चौकी सोनाखान (थाना कसडोल) क्षेत्र अंतर्गत पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में धारदार हथियार व ईंट से हमला करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार



करने में पुलिस को सफलता मिली है।

प्रार्थी ओमप्रकाश साहू निवासी बंगलापाली द्वारा बुधवार को पुलिस चौकी सोनाखान में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बुधवार की रात्रि करीब 19:30 बजे वह और उसके मामा जागेश्वर साहू, गाँव के कमलेश मांझी के खेत को दो वर्ष पूर्व जेसीबी से समतलीकरण कराने के बकाए 40,000 रुपये मांगने गए थे। पैसे मांगने पर आरोपी कमलेश मांझी ने पैसे देने से इनकार करते हुए गालीयां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कमलेश मांझी के भांजे लकेशरू मांझी ने पीछे से आकर हाथ में पहने चूड़ा से प्रार्थी के सिर पर वार किया, जिससे खून निकलने ▸▸ शेष पेज 12 पर

नेटवर्क न मिलने पर हुए विवाद में आरोपियों ने युवक को गोदा चाकू, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

प्रार्थी अरविंद बंजारे पिता कमलेश बंजारे, उम्र 18, निवासी ग्राम पुरान, जिला बेमेतरा ने थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 अक्टूबर की रात्रि को वह अपने दोस्तों संजू बंजारे एवं अन्य के साथ ग्राम खंडुवा में मेला घूमने आया था। रात्रि करीब 12:30 बजे जब संजू बंजारे पानी पीने के बाद दुकान पर पैसे का भुगतान करने फोन पे करने लगा, तो नेटवर्क न मिलने के कारण उसने कहा कि वह थोड़ी देर में पैसे देगा।



इसी बात पर पास में खड़े आरोपी अमर दास मिरी और विकास गेण्डरे ने अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी अमर दास मिरी ने अपने पास रखे धारदार चाकू से संजू बंजारे पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे संजू के बाएं कान के बाजू, पीठ पीछे एवं बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।

घायल संजू बंजारे को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सिमगा में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध ▸▸ शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

शरद पूर्णिमा पर कुम्हारी में 25 को होगा रामचरितमानस प्रवचन

गिधौरी। रामचरितमानस प्रचार-प्रसार समिति कुम्हारी के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भव्य मानस प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस बार प्रवचन का विषय भरत चरित्र रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक नेहरू लाल प्रधान हैं। मानस वक्ता पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा, महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज, डॉ. अशोक हरिवंश, आचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ला एवं निरंजन अग्रवाल सहित अन्य वक्ता शामिल होंगे। समिति के मीडिया प्रभारी कृष्ण करण पटेल ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

रामलीला मंचन के बाद भगवान श्रीराम ने किया रावण का वध





भाटापारा। शहर से लगे 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत टेहका में पिछले 75 सालों से आदर्श रामलीला मंडली का मंचन करते हुए यहां रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता है। वही यह दशहरा पर्व को देखने आसपास के गांव मधुबन, कलमी, फारसवानी, बिज्रडीह एवं भाटापारा शहर के काफी लोग यहां देखने के लिए आते हैं । आदर्श रामलीला मंडली में रावण वध लीला मंचन पूरे उत्साह उमंग के साथ रामलीलामंडली के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम 2 घंटे मच पर मंचन कर उपरांत भगवान श्री राम ने रावण के पुतले का दहन किया। दशहरा पर्व पर एक दूसरे को लोगों ने बधाई दी एवं सोन पत्ती दिए एक दूसरे को। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच ललिता नारायण जोगी। पूर्व स्टेशन मास्टर एमएल यादव, पूर्व सरपंच रोहित साहू, ईश्वर, ध्रुव, दीनबंधु साहू, राकेश साहू, मनोज यादव, नंदू साहू, राजेश्वर नेताम, हेमंत ध्रुव, प्रितम नेताम, जगदीश ध्रुव, डोमेस साहू मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

निधन

पार्वती केसरवानी



बलौदाबाजार। पार्वती केसरवानी का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे विगत कई माह से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से परिजनों एवं परिचितों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। वे गोपाल केसरवानी एवं सखी गोपाल केसरवानी की बड़ी बहन थीं।

शंकर साहू



गिधौरी । ग्राम गिधौरी निवासी शंकर साहू का निधन हो गया है गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम किया गया। जहां स्वजातीय बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या उपस्थित थे और मृत आत्मा के शांति लिए प्रार्थना किया गया।

लक्ष्मीन बाई वर्मा



गिधौरी। ग्राम गिधौरी निवासी लक्ष्मीन बाई वर्मा का निधन हो गया है। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम किया गया। जहां स्वजातीय बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या उपस्थित थे और मृत आत्मा के शांति लिए प्रार्थना किया गया।

खुलेआम अवैध शराब बिक्री, आबकारी विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

गिरौदपुरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डेराडीह नर्सरी में इन दिनों कथित तौर पर अवैध शराब बिक्री का सिलसिला जारी है। गांव में खुलेआम शराब की बिक्री से स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ रही है। विशेष रूप से स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। ऐसे में शराब बिक्री के कारण विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के चलते असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर नाराजगी है कि यदि अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की जा रही है, तो इसके बावजूद कारोबार दोबारा कैसे शुरू हो जाता है।

टिपरुंग और मानकोनी में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें

शिकायत मिली

पूर्व में भी करवाई हुई है, आपके द्वारा फिर से बिक्री की शिकायत मिली है इसे संज्ञान में लेते हुए जल्द करवाई के निर्देश देता हूँ ।

-जलेश कुमार सिंह
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

कई गांवों में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें

अवैध शराब बिक्री की समस्या केवल डेराडीह नर्सरी तक सीमित नहीं बताई जा रही है। गिरौदपुरी क्षेत्र के ग्राम रामपुर, कोट, टिपरुंग और मानकोनी में भी अवैध शराब बिक्री की शिकायतें सामने आने आ रही है। तो यह संबंधित विभाग के लिए गंभीर विषय है।



अब कार्रवाई का इंतजार

क्षेत्र में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर अब आबकारी विभाग की भूमिका पर नजरें टिकी हैं। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए और स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों तथा महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। अब देखना यह होगा कि आबकारी विभाग इन शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए क्या ठोस करवाई करता है।

कार्रवाई के बाद फिर शुरू हो जाता है कारोबार

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ग्रामीणों के अनुसार, डेराडीह नर्सरी में अवैध शराब बिक्री के मामले में पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद कथित तौर पर अगले ही दिन फिर से शराब की बिक्री शुरू हो जाती है। इससे आबकारी विभाग की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कार्यक्रम : रंगीला रास गरबा के समापन पर उमड़े श्रद्धालु

रास गरबा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर रावण भाटा में आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं और गरबा प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मां दुर्गा की आराधना के साथ पारंपरिक गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



हिन्द युवा श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा विधायक इन्द्र साव के मार्गदर्शन में आयोजित तीन दिवसीय रंगीला रास गरबा का आयोजन विगत वर्षो से निः शुल्क रखा गया है। सभी वर्गों के बच्चों के लिए विशाल रास गरबा का आयोजन रखा गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ अखिल भारतीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक गिरीश देवांगन के मुख्य आतिथ्य, अध्यक्षता विधायक इन्द्र साव ने किया। विशेष अतिथि राम गिड़लानी, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल,आलोक मिश्रा, सुकृत साहू, त्रिलोक सलूजा थे

कार्यक्रम में शामिल गिरीश देवांगन ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और साधना का प्रतीक है। रास गरबा केवल नृत्य का आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम है।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य के मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मकता लाने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि का संदेश है कि हम अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा दें। समाज की असली शक्ति उसकी एकता में निहित है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजन इस एकता को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

इस तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव के समापन पर आयोजकों एवं प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिवाकर मिश्रा, अमर मंडावी, रेवा पारप्यानी, राजू गुप्ता मुकेश साहू चंद्रशेखर चक्रधारी, जीत्तू शर्मा, पार्षद गेंदु साहू, आबिद खान, पुनीत मानिकपुरी, शादाब जालियावाला, सहित आयोजक समिति से जुड़े लोग और काफी बड़ी तादाद में नागरिक गण उपस्थित थे।

संत रविदास सम्मान के लिए 26 तक प्रविष्टियां आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाज़ार

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा सामाजिक समरसता, साहित्य और काव्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 'संत रविदास सम्मान' के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में 26 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

■ 26 अक्टूबर तक जमा कर सकेंगे आवेदन

संस्कृति विभाग द्वारा संत रविदास जी के सामाजिक समानता, समरसता और मानव कल्याण के आदर्शों को आगे बढ़ाने तथा साहित्य एवं काव्य के क्षेत्र में दीर्घकालीन साधना और विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस राज्य स्तरीय सम्मान की स्थापना की गई है। इस पहल के माध्यम से सामाजिक समानता, साहित्यिक सृजन और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करने वाली प्रतिभाओं को पहचान एवं प्रोत्साहन मिलेगा।

संस्कृति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संत रविदास सम्मान के लिए निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां 26 अक्टूबर 2026 को शाम 5:30 बजे तक जमा की जा सकेंगी। आवेदक अपनी प्रविष्टियां संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर-27, अटल नगर, नवा रायपुर में ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

सम्मान के लिए आवेदन की निर्धारित प्रक्रिया, प्रारूप एवं अन्य विस्तृत जानकारी संस्कृति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://www.cgculture.in \/nwww.cgculture.in पर उपलब्ध है। विभाग ने सामाजिक समरसता तथा साहित्य एवं काव्य के क्षेत्र में कार्यरत पात्र व्यक्तियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

धान खरीदी 15 से, किसान दिवाली कैसे मनाएंगे : शैलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के पूर्व प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे किसान विरोधी निर्णय बताते हुए कहा कि जब दिवाली 8 नवंबर को है और धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी, तो किसान त्योहार मनाने के लिए पैसे कहां से लाएंगे।



■ कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के फैसले पर उठाए सवाल

त्रिवेदी ने कहा कि किसान के घर में धान तो होगा, लेकिन त्योहार के लिए धन की व्यवस्था कैसे होगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। किसानों को अपने बच्चों के लिए कपड़े, मिठाई और घरेलू जरूरतों के लिए पैसे चाहिए। खरीदी में देरी होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। ऐसी स्थिति में उन्हें मजबूरी में बिचौलियों को कम कीमत पर धान बेचना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वयं को किसानों का हितैषी बताती है और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा की बात करती है। ऐसे में त्योहार से पहले किसानों की आर्थिक जरूरतों पर ध्यान देना सरकार की जिम्मेदारी है। किसान की जेब में पैसा होगा, तभी बाजार में खरीदारी बढ़ेगी और कपड़ा व्यापारियों, मिठाई विक्रेताओं तथा छोटे दुकानदारों को भी लाभ मिलेगा।

पंजीयन और तकनीकी समस्याओं पर भी उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने धान खरीदी से जुड़ी प्रक्रियाओं में आ रही कथित परेशानियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीवी ऐप, एग्रीस्टैक पोर्टल, टोकन व्यवस्था, पंजीयन और रकबे से संबंधित समस्याओं के कारण किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी खामियों और रिकॉर्ड संबंधी त्रुटियों का समय पर समाधान होना चाहिए, ताकि किसानों को खरीदी केंद्रों के चक्कर न लगाने पड़ें।त्रिवेदी ने सरकार से मांग की कि धान खरीदी की प्रक्रिया सरल बनाई जाए, राजस्व व्यवस्था में जवाबदेही तय हो और किसानों के रिकॉर्ड की गड़बड़ियां समय रहते सुधारी जाएं। साथ ही, किसानों को त्योहार से पहले उनकी उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पिछले वर्ष की धान समर्थन मूल्य की बकाया राशि और राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान भी शीघ्र करने की मांग की।

आर्द्रभूमि संरक्षण पर कार्यशाला, विद्यार्थियों ने सीखे पर्यावरण सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'आर्द्रभूमि : महत्व, संरक्षण और सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि की उपयोगिता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में इसकी भूमिका की जानकारी दी गई।



कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ अदिति पटियाल तथा शालिनी कुशवाहा, कार्यक्रम सहयोगी, इंटरनेशनल वेटलैंड्स, साउथ एशिया, नई दिल्ली ने विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि दलदल, झीलें, नदियां और अन्य जलयुक्त क्षेत्र आर्द्रभूमि की श्रेणी में आते हैं। ये प्राकृतिक जल स्रोत बाढ़ नियंत्रण, भूजल स्तर बढ़ाने, जल को प्राकृतिक रूप से स्वच्छ करने तथा कार्बन संग्रहण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, अनेक पौधों, मछलियों, उभयचरों और प्रवासी पक्षियों का जीवन इन पर निर्भर रहता है।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों को मान्यता देने वाली 'रामसर साइट' की अवधारणा से भी परिचित कराया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले स्थित कोपरा जलाशय का उदाहरण देते हुए आर्द्रभूमियों के संरक्षण और जैव विविधता में उनके योगदान को समझाया गया।

कार्यशाला में प्लास्टिक कचरे, जल प्रदूषण और अतिक्रमण से आर्द्रभूमियों को होने वाले नुकसान पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को पानी की बर्बादी रोकने, प्लास्टिक का उपयोग सीमित करने और आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने चित्रों एवं आरेखों के माध्यम से अपनी समझ और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करती हैं।

सात दिवसीय संत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा शुरू

बगबुड़ा। गुरू घासीदास जन कल्याण युवा समिति खम्हरिया लवन वार्ड क्रमांक.14/15 में संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा आयोजन 22 अक्टूबर दिन गुरुवार से 28 अक्टूबर दिन - बुधवार तक दीप प्रज्ज्वलित पंडित हिरामन सोनवानी बिटकुली वाले पंडित के हाथों के द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की गद्दी पुजा ज्योति कलश स्थापित किया जायेगा इस कार्य क्रम के प्रत्येक संत ग्रंथ टोलियो को 301 रुपए व नारियल फल से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें राकेश चतुर्वेदी संतोष घृतलहरे, हिरामन महिलांगे, तिहारु खुटे, श्रीकांत साय, मनोहर बांधे, संजय, राजू, धरम, मनहरण, धनराज, हिरारवान, बब्लू, टिकेश्वर, रामकुमार, संतोष, राहूल, सूदर्शन, फागुलाल, दिलिप, सोनसाय, महेश, शिवकुमार, जगदीश, भागीरथी, अनिल, राकेश, अयोध्या, शिवचरण एवं समस्त सतनामी समाज।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया शुरू, 25 को कुथरौद में होगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 25 को कुथरौद में। 21वी सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ के एन टी पी सी लारा में आयोजित किया जा रहा है, जिसके के लिए बलौदाबाजार जिला की महिला एवं पुरुष वालीबाल टीमो के चयन हेतु ट्रायल्स सिमगा ब्लॉक के ग्राम कुथरौद में 25 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन ट्रायल में जिला के सभी विकासखंड सिमगा, पलारी, भाटापारा, बलौदाबाजार और कसडोल के कोई भी आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष वालीबॉल प्लेयर्स भाग ले सकते हैं। बलौदाबाजार जिला वालीबाल संघ के सचिव नितिन पाण्डेय ने बताया कि 12 से 15 नवम्बर तक 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ लारा में होने वाला है। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिला की टीम गठित की जाएगी, जो रायगढ़ में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि हर साल की भांति इस साल भी सौभाग्य फाउंडेशन रायपुर के द्वारा चयनित महिला एवं पुरुष दोनों ही टीमो के खिलाड़ियों के चयन उपरांत किट प्रदान किया जाएगा।

पुलिस बल ने परिवार से मिलकर जताई संवेदना

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद खिलानंद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों की स्मृति में बुधवार को खरोरा में पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद खिलानंद साहू को श्रद्धापूर्वक नमन कर उनके बलिदान को याद किया गया।



कार्यक्रम के दौरान छड़ियां-पचरी रोड स्थित शहीद स्मारक पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद खिलानंद साहू को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने देश की सुरक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, नगरपालिका अधिकारी ओमप्रकाश, पार्षदगण शरद साहू, पूर्णद उपाध्याय एवं पंचराम यादव, विद्या भारती के गुरुजी चंद्र कुमार डड़सेना तथा सजल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शहीद परिवार से मुलाकात कर जाना हालचाल

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की चौथी वाहिनी, माना कैंप, जिला रायपुर की ओर से शहीद खिलानंद साहू के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की गई। इस दौरान अधिकारियों ने शहीद परिवार का हालचाल जाना तथा उनके प्रति सम्मान और संवेदना व्यक्त की। शहीद परिवार को श्रीफल, साल एवं नारियल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से शहीद के परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बलिदान को याद किया गया।पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने के साथ ही शहीद परिवारों के प्रति समाज की जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश दिया।

